मुख्यमंत्री संदर्भ/शीघ्र

संख्या-13/1058/84-डे0ई0-13-नि0-24/2012

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 08 जनवरी,2014

विषय:- श्री चन्द्र प्रकाश वर्मा, मण्डलीय प्रबन्धक, राज्य कर्मचारी कल्याण निगम, लखनऊ मण्डल लखनऊ पर लगाये गये भ्रष्टाचार संबंधी आरोपों की जाँच विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-290स्था0एस0/बत्तीस-2013, दिनांक 07-12-2013 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री चन्द्र प्रकाश वर्मा, मण्डलीय प्रबन्धक द्वारा व्यवपहरण की गयी धनराशि रू0 83,500/- की वसूली के विरूद्ध मा0 राज्य लोक सेवा अधिकरण में योजित वाद संख्या-550/2003 में दिनांक 24-12-2013 को अंतिम सुनवाई के पश्चात् मा0 अधिकरण द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में अग्रेतर कार्यवाही करने तथा की गयी कार्यवाही से शासन को अविलम्ब अवगत कराने का कष्ट करें, चूँकि प्रश्नगत प्रकरण मा0 मुख्यमंत्री जी का लम्बित संदर्भ है। तथा प्रकरण के निस्तारण में निगम स्तर पर काफी विलम्ब हो चुका है। प्रकरण की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए व्यक्तिगत ध्यान दिया जाना अपेक्षित है।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/